AGRICULTURAL SYSTEM

कृषि पद्धतियां

LECTURE 5

डा. निसार अहमद

भूगोल बिभाग
राम चरित्र सिंह कॉलेज

Mobile No. :9258408868
Email address: ahmednisaramu@gmail.com

ट्रक कृषि(Truck Farming)

यह एक विशेष प्रकार की कृषि है जिसमें साग सब्जियों की कृषि की जाती है। इन वस्तुओं को प्रतिदिन ट्रकों में भरकर निकटवर्ती नगरीय बाजारों में ले जाकर बेचा जाता है। बाजार से कृषि क्षेत्र की दूरी इस बात पर निर्भर करती है कि ट्रक द्वारा रात भर चलने में कितनी दूरी तय होती है। इसीलिए इस कृषि का नाम ट्रक कृषि रखा गया है।

ट्रक कृषि के क्षेत्र- ट्रक कृषि एवं उद्यान कृषि मुख्यत: उत्तर पश्चिमी यूरोप (ब्रिटेन, डेनमार्क, बेल्जियम, नीदरलैंड, जर्मनी और फ्रांस), संयुक्त राज्य अमेरिका (उत्तर पूर्वी भाग, केलिफोर्निया, फ्लोरिडा प्रायद्वीप तथा पूर्वी तटीय भाग), एवं कनाडा के पूर्वी भाग में की जाती है। इन प्रदेशों के शहरी तथा औद्योगिक क्षेत्रों में ताजी सब्जियों की भारी मांग रहती है और यह

वस्तुएं इन प्रदेशों को ट्रक कृषि से ट्रक द्वारा प्राप्त होती है। अतः इस कृषि का नगरीकरण से गहरा संबंध है।

भारत में वातावरण अनुकूल तथा वर्धन काल लंबा होने के कारण लगभग सभी भागों में सब्जियां उगाई जाती है। यहां पर अधिकांश जनसंख्या शाकाहारी है और मांस का मूल्य अधिक होने के कारण सब्जियों की मांग अधिक रहती है। इसलिए इस कृषि पर अधिक बल दिया जाता है।

ट्रक कृषि की विशेषताएं- ट्रक कृषि एवं उद्यान कृषि की प्रमुख विशेषताएं निम्नलिखित है:-

1.ट्रक कृषि एवं उद्यान कृषि के खेत छोटे होते हैं।

2.परिवहन की सुविधा अच्छी रहती है।

3.गहन कृषि की जाती है।

4.सिंचाई की अच्छी व्यवस्था होती है।

5.खादों का प्रयोग बड़ी मात्रा में किया जाता है।

6.अधिकांश कार्य हाथों से किया जाता है।

7.पेड़ो तथा पौधों को बीमारियों से बचाने के लिए दवाइयों का प्रयोग बड़ी मात्रा में किया जाता है।

To be continued…